## एक नजर में

### महिला का हिजाब खींचना शर्मनाक, विरोध में मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



**आलीराजपुर।** विगत दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा नियुक्ति-पत्र वितरण एक कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम महिला डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब खींचे जाने के मामले को लेकर देश-प्रदेश मे तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। उक्त घटना का हर जगह विरोध हो रहा है । घटना के विरोध में शुक्रवार की नमाज के बाद मुस्लिम समाजजन एकत्रित होकर कलेक्टर कार्यालय पहुचे। जहाँ उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि नायब तहसीलदार भारत भवेलिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन तसद्दुक चंदेरी ने किया। सोपे गए ज्ञापन में मुस्लिम समाज में कड़ी नाराजगी जताई और इसे नारी सम्मान, संवैधानिक मर्यादा तथा सामाजिक मूल्यों के खिलाफ बताया है। समाजजनो ने कहा की मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। उन्होंने बताया कि यह घटना न केवल महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि पूरे समाज के लिए शर्मनाक है। इस घटना से आहत होकर संबंधित महिला डॉक्टर कुछ समय के लिए बिहार छोड़कर चली गई थीं, हालांकि बाद में वह लौट आईं। समाजजनो ने कहा यदि वास्तव में किसी महिला का हिजाब खींचा गया है, तो यह बेहद निंदनीय कृत्य है। इस घटना को हिंदू-मुस्लिम के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे नारी के अपमान के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति में हर महिला की आस्था और परंपरा का सम्मान किया जाना चाहिए, चाहे वह हिजाब हो या घूंघट हो, यह नारी की मान मर्यादा का प्रतीक है । समाजजनों ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे, अन्यथा आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।इस अवसर पर जामा मस्जिद सदर इम्तियाज़ खान, पूर्व सदर साबिर बाबा, नायब सदर वसीम कुरैशी, जहिर मुग़ल, शाहरुख़ मनीहार, मौलाना रमीज बाबा, ईरफ़ान मंसूरी, फरीद पठान, इक़बाल मंसूरी आदि मौजूद थे ।

### पाठशाला में मनाया तीन बच्चों का जन्मदिन



**मेघनगर।** दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेंद्र सुरीश्वरजी महाराज साहब, पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद विजय जयंतसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब की दिव्य आशीर्वाद, वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब एवं आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सुरीश्वरजी महाराज साहब के आशीर्वाद एवं पूज्य साध्वी श्री तत्वलताश्रीजी एवं श्री अनेकांतलताश्रीजी की प्रेरणा से श्री त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ एवं परिषद परिवार द्वारा संचालित श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन पाठशाला में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों का जन्मदिन मनाया जाता है, उसी क्रम में कु लब्धि मुथा, कु अवधि कोठारी, एवं कु मिष्टी लोढ़ा का जन्मदिन मनाया गया। उक्त जानकारी देते हुए संचालिका चेतना कोठारी ने बताया कि महिला परिषद संगठन मंत्री विमला कोठारी, पाठशाला संचालिका एवं महिला परिषद अध्यक्ष स्नेहलता कावड़िया, देवकुंवर कोठारी (पारा) की उपस्थिति में जन्मदिन वाले बच्चों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर बहुमान किया गया। इस अवसर पर पाठशाला के बच्चे उपस्थित रहे।

### एआई व साइबर सिक्योरिटी पर वर्कशाप का आयोजन

**इंदौर.** इंदौर डाक परिक्षेत्र कार्यालय के सभागार में पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र प्रीति अग्रवाल की अध्यक्षता में एआई एवं साइबर सुरक्षा पर प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट का दृष्टिकोण विषय पर एक वर्कशाप का आयोजन किया गया. वर्कशाप में गौरांग कात्याल प्राडक्ट फार साइबर सिक्योरिटी एवं मोबाइल एप इंटेग्रिटी मेटा प्रमुख (पूर्व) द्वारा इंदौर में कार्यरत डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोजक्ट मैनेजमेन्ट में एआई और साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई.

# झाबुआ मीडिया ट्रॉफी पत्रकारों की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर :भूरिया

## पत्रकारों को अपनी दैनिक दिनचर्या में खेल को भी शामिल करने की है आवश्यकता : वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. नीरजसिंह राठौर

▶ झाबुआ मीडिया-2.0 के दूसरे दिन हुए कुल 5 मैच, 21 दिसंबर को दो सेमीफायनल एवं एक फाइनल मुकाबला होगा



**झाबुआ। शहर के कॉलेज मैदान पर झाबुआ एवं आलीराजपुर जिले के पत्रकारों के लिए चल रहे झाबुआ मीडिया ट्राफी-2.0 के दूसरे दिन 20 दिसंबर, शनिवार को पत्रकारों की टीमों के बीच कुल 5 मैच हुए। दूसरे दिन शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका, सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन देने के साथ मैच खेलने वाले टीमों से परिचय भी प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिवस 21 दिसंबर, रविवार को दो सेमीफायनल एवं एक फायनल मुकाबला खेला जाएगा।**

जानकारी देते हुए झाबुआ मीडिया ट्राफी-2.0 के आयोजक भूपेन्द्रसिंह गौर एवं पियूष गादिया ने बताया कि अतिथियों ने प्रारंभ में मां सरस्वतीजी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया गया। अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत जिले के पत्रकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह राठौर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष नरवेश अमलियार, युथ कांग्रेस से हेमेन्द्र बबलू कटारा, पार्षद रशीद कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि दीपू डोडियार, कांग्रेस के सामाजिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक जितेन्द्र शाह भी मंचासीन रहे। अपने उद्बोधन में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि पत्रकारों को सामान्य तौर पर अपने कर्तव्यों से ही फुर्सत नही मिलती है, ऐसे में वह अपने लिए समय निकालकर खेलों में भाग लेकर प्रतिभाओं को निखारने का अनूठा प्रयास कर रहे है, जो काबिल तारिफ है। पत्रकारों को खेलो में भी समान रूप से रूचि लेकर अपनी प्रतिभाओं को निखारने के साथ उसका राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतिकरण करना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने समस्त पत्रकारों को झाबुआ मीडिया ट्राफी-2.0 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारों की खेलों में सहभागिता से उनमें शारीरिक-मानसिक स्फूर्ति और ऊर्जा का भरपूर संचार होगा और वे अपनी कर्तव्य परायणता को दुगुनी गति से निभा सकेंगे।

21 दिसंबर, रविवार को अंतिम दिन दो सेमीफायनल एवं फायनल मुकाबला होगा। मैच को देखने के लिए प्रतिदिन दोनो जिलों के पत्रकारों के साथ दर्शक भी भरपूर आनंद ले रहे है।

### कुल 5 मैच खेले गए

झाबुआ मीडिया ट्राफी-2.0 के आयोजक मुकेश परमार एवं मुजम्मिल लाला खान ने बताया कि स्पर्धा के दूसरे दिन पहला झाबुआ मीडिया-ई और झाबुआ मीडिया-एफ के बीच हुआ। जिसमें पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी झाबुआ मीडिया एफ ने की और निर्धारित 8 ओवर में 128 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए झाबुआ मीडिया-ई टीम ने 5 ओवर में ही 128 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज करवाई। दूसरा मैच मेघनगर नाईट राईडर्स और पेटलावद मीडिया क्लब के बीच खेला गया, जो काफी रोमांचक रहा। इस मैच में मेघनगर नाईट राईडस ने निर्धारित 8 ओवर में 72 रन बनाए। बदले में पेटलावद क्लब मीडिया ने 8 ओवर में 77 रन बनाकर जीत हासिल की। तीसरा मैच मिक्स मीडिया मेघनगर वर्सेस झाबुआ मीडिया ए का हुआ। जिसमें झाबुआ मीडिया ए टीम ने मिक्स मीडिया मेघनगर की टीम को 46 रनों पर ऑलआउट कर दिया और दूसरी पारी में महज 3.5 ओवर में 49 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। चौथा मैच किंग्स-11 मीडिया मेघनगर और पेटलावद मीडिया क्लब के बीच खेला गया। इस मुकाबले में किंग्स-11 मीडिया की टीम ने 8 ओवर में 82 रन बनाए, बदले में दूसरी पारी में 6.2 ओवर में ही पेटलावद मीडिया क्लब ने 83 रन बनाकर एक तरफा जीत हासिल कर ली। दूसरे दिन का अंतिम पांचवा मैच मिक्स मीडिया पारा-पिटोल और झाबुआ मीडिया ए का हुआ। जिसमें झाबुआ मीडिया ए की टीम ने एक तरफ जीत हासिल कर सेमीफायनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। दूसरे दिन सभी खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था वरिष्ठ अभिभाषक एवं खिलाड़ी स्व. अशोकसिंह राठौर की स्मृति में जिला क्रिकेट एसोसिएशन की संयुक्त सचिव तथा जिला महिला प्रभारी अर्चना राठौर की ओर से की गई।

### खेलों को दैनिक दिनचर्या में करे शामिल

सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर ने कहा कि पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के साथ खेलों में भी समान रूप से सहभागिता कर खेलों को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। खेल ना केवल मनोरंज का साधन है, अपितु शारीरिक-मानसिक क्षमता को बढ़ाने का भी माध्यम है, इसलिए पत्रकार खेलों को दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित कर रूचि अनुसार प्रतिदिन खेल खेलना चाहिए। उद्बोधन पश्चात् अतिथियों ने टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौंसला अफजाई किया और स्वयं भी खेलने का आनंद लिया गया। स्पर्धा के दूसरे दिन निर्णायक की भूमिका लालाभाई कप्तान, अमजद खान, उदय बिलवाल, नरेशराज पुरोहित, विनोद बढ़ई, दिनेश डूडवे आदि ने निभाई। दूसरे दिन मैच का आनंद लेते अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक एवं वरिष्ठ रोटेरियन उमंग सक्सेना भी उपस्थित हुए।



# अदावाकृत खातों के निपटारे हेतु विशेष शिविर आयोजित

**आलीराजपुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज अदावाकृत (अनक्लेम्ड) बैंक खातों के निपटारे हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले की विभिन्न बैंकों द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया गया।**

इसकी अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत प्रखर सिंह जी द्वारा की गई। शिविर के दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागीय खातों की समीक्षा की तथा अदावाकृत खातों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

शिविर में नाबार्ड के डीडीएम नरेंद्र मोहिते, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) श्री श्याम पाटीदार सहित जिले के समस्त बैंकों के शाखा प्रमुख उपस्थित रहे। शिविर के दौरान अदावाकृत खातों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए, जिनका दावा संबंधित बैंक शाखाओं द्वारा किया जाएगा।

शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 6 खातों में लगभग 20 लाख रुपये की राशि का दावा किया गया। वहीं मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, आलीराजपुर द्वारा 24 खातों में लगभग 28 लाख रुपये तथा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आलीराजपुर द्वारा 5 खातों में लगभग 95 लाख रुपये की राशि का दावा किया गया।

बैंक प्रमुख ने बताया कि आम नागरिकों के लिए आगामी दिनों में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# रक्तदान करने से कई लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है : डॉ. प्रकाश गढ़वाल

▶ दिशा दर्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**झाबुआ। स्थानीय शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जेसी सिन्हा के संरक्षण एवं प्रशासनिक आधिकारी डॉ. रविंद्रसिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के झाबुआ एवं आलीराजपुर जिले के कार्यक्रम अधिकारियों एवं विद्यार्थियों का दिशा दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजू गांधी एवं मुख्य अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रकाश गढ़वाल तथा विशेष अतिथि ज़िला संगठक रासेयो डॉ. सुरेश तोमर उपस्थित थे। संजू गांधी ने अतिथियों का स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. गढ़वाल ने जिले से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागी एवं सहभागिता हेतु प्रेरित किया। रक्तदान से किसी भी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं होती है एवं रक्तदान से अनेक जीवन को बचाया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला , राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविर गतिविधियों से होने वाले लाभ एवं एबीसी प्रमाण पत्र की उपयोगिता को विद्यार्थी के शैक्षिक जीवन में उपयोगिता का महत्व बताया। झाबुआ एवं आलीराजपुर के युवाओं को शारीरिक मानसिक क्षमता का सदुपयोग करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. गांधी ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि एनएसएस, एनसीसी, एवं रेडक्रॉस की गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते है। स्वयंसेवक बबलू भाबोर ने अपने एनएसएस के अनुभव को विद्यार्थियों के समक्ष साझा किया।

### इनकी रहीं उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीएल डावर ने किया एवं आभार डॉ. भूरसिंह गंगवाल ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रो.जेएस भूरिया, डॉ. सुरेश तोमर, ज़िला संगठक रासेयो आलीराजपुर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति समदरिया, डॉ. कमलेश गणावा, डॉ. भावसिंह डावर, डॉ. दिलीपसिंह सिंगाड़, डॉ.सोनिया गोसर, डॉ. लोहार सिंह ब्राह्मणे, प्रो. अंतिम कलवार, राजेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कन्या एवं आदर्श महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।



### गरीब कैंसर रोगियों को दे रहे नि :शुल्क कीमोथैरेपी

**इंदौर.** कैंसर एक ऐसी खतरनाक और जानलेवा बीमारी है जिसका इलाज बड़ा मंहगा व खर्चीला है और इसे वहन करना आम व्यक्ति के बूते की बात नहीं है. आज कैंसरजन्य पीड़ितों के लिए संस्था उम्मीद ईमानदारी और समर्पण भाव से सेवा कार्य कर रही है जो सराहनीय है. इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए. ये विचार ओ.पी. रावत पुर्व चुनाव आयुक्त भारत सरकार के हैं, जो उन्होंने रॉबर्ट नर्सिंग होम में संचालित कीमोथैरपी डे केयर सेंटर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर व्यक्त किए. यह जानकारी देते हुए परामर्शदाता योगेंद्र सांड ने बताया कि विगत 3 वर्षो से यह कीमोथेरिपी डे केयर सेंटर समाज के सहयोग से संचालित किया जा रहा है. इस सेंटर पर अभी तक प्रदेश व प्रदेश के बाहर से लगभग 8500 कैंसर पीड़ित मरीजों को कीमोथेरेपी चिकित्सा दी गई जिसमें 1000 मरीज़ों की कीमोथैरेपी निशुल्क की गई. संस्था उम्मीद को और अधिक जनसहयोग मिला तो निशुल्क कीमोथेरेपी की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी भी की जा सकती है. कैंसर सर्जन डॉ. गौरव खंडेलवाल ने बताया कि सेंटर में कीमोथेरेपी पर 70 से 80 प्रतिशत रियायत व ग़रीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करने वाले को यह थेरेपी नि:शुल्क दी जा रही है, जबकि अन्य सेंटरों पर यह थेरेपी लगंभग 20 से 25 हजार रुपए में हो रही है. यह कीमोथेरेपी डे केयर सेंटर आधुनिक सुविधाओ से लेस है और यहां कैंसर पीड़ित मरीजों की केवल कीमोथेरेपी ही होती है। यहां प्रदेश और दूसरे राज्यों के कैंसर पीड़ित मरीज इलाज के लिये बड़ी संख्या में आते हैं. अतिथि स्वागत एन. जेजेश्वर राव उप प्रबंधक बैंक आफ़ इंडिया. पारस कटारिया, दिलीप सी. जैन,अनोखीलाल जैन.ने किया. संचालन किया अनुरोध जैन ने और अर्पण जैन ने आभार माना.

एक नजर में ▶ ग्राम आजंदा में कैबिन मंत्री नवनिर्मित स्कूल भवन का अवलोकन कर साइकिल वितरित की

# कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया कई विकास कार्यों का लोकार्पण, बच्चों को बांटी साइकिल

**आलीराजपुर। भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर प्रदेश के हर जिले हर विकासखंड से लेकर ग्राम ओर फलियों तक विकासकार्यों में निरंतर कार्यरत हैं। केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार का लक्ष्य प्रदेश में रहने वाले हर अंतिम छोर तक के रहवासियों को हर मौलिक सुविधाओं की उपलब्धता के लिए वचनबद्ध होकर सबका साथ सबका विकास नारे को चरितार्थ कर रही है। हम बिना पक्षकपात किए सिर्फ विकासकार्यों पर फोकस कर कार्यरत हैं। जो जो वादे हमारे द्वारा विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के समय किए उनको हमने पूर्ण करते हुए क्षेत्र में वो सब कार्य कर दिए, जो ग्रामीण भाइयों बहनों की मांग थी।**

आगे भी विकासकार्यों का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। यह बात कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने आज अपने प्रवास के दौरान कही।



विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि आज कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा अपने जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रवास कर ग्रामीणों को कई सौगातें दी, जो सीधे तौर पर ग्राम के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करेगी।

सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री श्री चौहान आजंदा पहुंचे जहा उन्होंने नवनिर्मित ही स्कूल भवन का अवलोकन किया। इस स्कूल भवन का लोकार्पण गत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव द्वारा आलीराजपुर प्रवास के दौरान किया था। आज कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने इस नवीन भवन का अवलोक कर हाई स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित कर बच्चों को शिक्षा एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। जिसके पश्चात वहां कई बच्चों को साइकिल वितरित की, इससे बच्चों के चेहरे खिल गए।



### हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया

जहां से मंत्री चौहान दिलवानी पहुंचे, जहां 173.25 लाख की लागत से बने हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया। जिसके बाद श्री चौहान ने ग्राम रावड़ी पहुंच कर 5.14 लाख की लागत से स्थापित विद्युत डीपी का लोकार्पण कर ग्रामीणों की विद्युत संबंधित समस्याओं का समाधान किया। वहीं ग्राम पंचायत भोरदु के कुम्पाल फलिया दरकली पहुंचे और वहां भी 6.50 लाख रुपए लागत से स्थापित विद्युत डीपी का लोकार्पण कर ग्रामीणों को विद्युत वॉल्टेज संबंधित समस्याओं से निजात दिलवाया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी खरत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विक्रम भयड़िया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश सस्तीया, सोंडवा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सोलंकी, वरिष्ठ नेता मनसिंह, मांगीलाल रावत सहित सरपंच, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता द्वारा दी गई।